एक नजर

राष्ट्रीय शिक्षा दिवस पर ऑनलाइन व्याख्यान का आयोजन

अमृत विचार, लखनऊ : डॉ. शकुंतला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय के शिक्षा संकाय की ओर से राष्ट्रीय शिक्षा दिवस पर ऑनलाइन व्याख्यान का आयोजन किया गया। इसमें विभागाध्यक्ष प्रोफेसर वीरेंद्र सिंह यादव ने कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा दिवस का मुख्य उद्देश्य भारत की शिक्षण संस्थाओं को मजबूत कर शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार करना है। राष्ट्रीय शिक्षा दिवस भारत में विद्यार्थियों के लिए शिक्षा की गुणवत्ता को बढ़ाने और सुधारने के लिए भारत के प्रथम शिक्षा मंत्री मौलाना अबुल कलाम आज़ाद के शिक्षा में किए गए महत्वपूर्ण कार्यों के लिए मनाया जाता है। मुख्य वक्ता के रूप में सोनिया यादव ने सरकार द्वारा शिक्षा के तीन स्तरों प्राथमिक, माध्यमिक व उच्च स्तर पर कदमों की प्रशंसा किया। संयोजन डॉ. नूतन पाण्डेय, रेनू ओझा ने किया।

उन्होंने एक पैदल सेना के सैनिक की सेवा करने को प्रेरित किया।

य व
सिंह
ाओं
तका
भिन्न
किया
जैसे
कूद
ंतोष

शकुन्तला पुनर्वास विवि में राष्ट्रीय शिक्षा दिवस पर व्याख्यान

लखनऊ (एसएनबी)। डा. शकुन्तला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विवि के शिक्षा शास्त्र विभाग, विशेष शिक्षा संकाय द्वारा राष्ट्रीय शिक्षा दिवस पर आनलाइन व्याख्यान का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में विभागाध्यक्ष प्रो. वीरेन्द्र सिंह यादव ने कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा दिवस का मुख्य उद्देश्य भारत की शिक्षण संस्थाओं को मजबूत कर शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार करना है। यह दिन भारत में वैज्ञानिक ज्ञान, बुनियाद तथा परम्परागत शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए याद किया जाता है। इस दिन शिक्षा से जुड़े विद्युत जन मिलकर यह चर्चा करते है कि अपने देश को एक ज्ञान प्रधान समाज बनाने के लिए क्या किया जा सकता है। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता राजकीय महिला स्नाकोत्तर महाविद्यालय गौतमनगर की सहायक आचार्य शिक्षा शास्त्र विभाग सोनिया यादव ने कहा कि भारत सरकार द्वारा शिक्षा के तीन स्तरों प्रथमिक, माध्यमिक एवं उच्च स्तर पर किये जा रहे प्रयासों की सराहना करते हुए समाज के प्रत्येक वर्ग के लिए सरकार द्वारा चलायी गयी योजनाओ से भी परिचय कराया। इस मौके पर डा. नूतन पाण्डेय व रेनू ओझा, डा. आशीष कुमार उपाध्याय, विवेक सिंह प्रमुख रूप से अपने अपने विचार रखे।

पोस्टर प्रतियोगिता में पार्थ सिंह को मिला प्रथम स्थान

लखनऊ (एसएनबी)। अन्तर्राष्ट्रीय प्रास्थेटिक्स एवं आर्थोटिक्स माह के उपलक्ष्य में डा. शकुन्तला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विवि में पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रोस्थेटिक आर्थोटिक्स एवं सम्बधित स्वास्थ्य सेवाओं पर 21 विद्यार्थियों ने पोस्टर के माध्यम से प्रस्तुति दी। प्रतियोगिता के निर्णायक मंडल में विचारपूर्वक अवलोकन किया और प्रतियोगियो की प्रस्तुति को सुना। बाद में निर्णायक मंडल ने 3डी प्रिटिंग तकनीक पर पोस्टर तैयार करने वीले एमपीओ के छात्र पार्थ सिंह को प्रथम स्थान मिला, द्वितीय स्थान नवनीत तिवारी व तृतीय स्थान आकाश कुमार तथा उत्सव तेनगुरिया बीबीओ सेकेण्ड ईयर आर्यन वर्मा ने प्राप्त किया। कार्यक्रम का आयोजन विवि के कृत्रिम अंग एवं पुनर्वास केन्द्र कार्यशाला प्रबंधक डा. रणजीत कुमार व सुश्री अनुप्रिया त्रिपाठी ने किया।

परामर्श दिया। (जासं)

प्रतियोगिता में पार्थ प्रथम

लखनऊ : डा. शकुंतला विश्वविद्यालय में अंतरराष्ट्रीय प्रास्थेटिक्स एवं आर्थोटिक्स माह के उपलक्ष्य में पोस्टर प्रतियोगिता हुई। इसमें विद्यार्थियों ने प्रोस्थेटिक, ओर्थोटिक्स एवं संबंधित स्वास्थ्य सेवाओं पर पोस्टर तैयार किए। थ्री डी प्रिंटिंग तकनीक पर पोस्टर तैयार करने वाले एमपीओ के छात्र पार्थ सिंह ने प्रथम स्थान जीता। द्वितीय स्थान पर प्रथम सेमेस्टर के नवनीत तिवारी व बीपीओ तीसरे सेमेस्टर के आकाश कुमार रहे। (जासं)